Title: Need to set up a post office at Hansaur village in Sitamarhi distirct, Bihar-Laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बेलसंड थाना के हँसौर ग्राम की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। उक्त हँसौर ग्राम की कुल आबादी चार हजार के करीब है परन्तु, यहाँ डाकघर नही है। हँसौर ग्राम का डाकघर तरियानी छपरा में स्थित है जो शिवहर जिले मे पड़ता है तथा इसकी दूरी भी काफी ज्यादा है। ऐसी परिस्थिति में सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं से यहाँ के लोग वंचित हो रहे है।

मेरा सरकार से अनुरोध हैं कि उपरोक्त विषय पर विचार करते हुये मेरे संसदीय क्षेत्र के सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बेलसंड थाना के हँसौर ग्राम में डाकघर की स्थापना करायी जाये ।